# बिग बॉस 15 जल्द हो जाएगा बंद? दाव पर लगे 500 करोड़

*खबर आ रही है कि बिग बॉस 15 फरवरी 2022 से पहले ही बंद किया जा सकता है। शो पर करीब 500 करोड़ का खर्चा हुआ है, लेकिन टीआरपी गिरती जा रही है।इस बार का सीजन किसलिए पीछे रहा, इसकी कुछ वजहें यहां बताई जा रही हैं। बिग बॉस के इतिहास में 13वां सीजन ब्लॉकबस्टर रहा था, जिसमें सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज गिल भी नजर आए। यह एक रेकॉर्ड था, जिसके लिए खुद बिग बॉस ने भी उस सीजन के सभी कंटेस्टेंट्स की तारीफ की थी। उस सीजन में सिद्धार्थ और शहनाज ने एंटरनेटनमेंट के लेवल को हाई कर दिया था।*

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



हैरानी तो इस बात की है कि सलमान वाले वीकेंड का वार एपिसोड की टीआरपी भी कई बार अच्छी आती थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। वाइल्ड कार्ड एंट्रीज से भी शो को कोई फायदा होता नहीं दिख रहा है। ऐसे में चर्चा है कि बिग बॉस 15 को बीच में ही बंद किया जा सकता है। पहले यह सीजन फरवरी 2022 तक चलने वाला था, लेकिन अब इसे पहले बंद किया जा सकता है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

**बिग बहस 15 में ओटीटी कंटेस्टेंट्स की एंट्री**

15वें सीजन से पहले 1 महीने के लिए मेकर्स ने बिग बॉस ओटीटी शुरू किया था, जिसमें शमिता शेट्टी, निशांत भट्ट और प्रतीक सहजपाल के अलावा कई कंटेस्टेंट्स दिखे। लेकिन जब यह खत्म हुआ तो इसके तीन कंटेस्टेंट्स शमिता, निशांत और प्रतीक को बिग बॉस 15 में भी बुला लिया गया। यह बात दर्शकों को भी रास नहीं आई थी और उन्होंने सोशल मीडिया पर मेकर्स को ट्रोल करना शुरू कर दिया।

**राकेश बापट-नेहा भसीन की एंट्री से बिफरे**

बिग बॉस 15 में जैसे 3 ओटीटी कंटेस्टेंट्स की एंट्री काफी नहीं थी,




मेकर्स ने हाल ही बिग बॉस ओटीटी के दो और कंटेस्टेंट्स–राकेश बापट और नेहा भसीन को वाइल्ड कार्ड एंट्री दे दी। इस पर यूजर्स ने और तंज कसना शुरू कर दिया। हालांकि फिलहाल राकेश बापट हेल्थ इशूज के कारण श्बिग बॉस 15 से बाहर आ गए हैं।

**लव एंगल पड़ा भारी**

पहले दो हफ्तों में सभी कंटेस्टेंट्स का गेम अच्छा चल रहा था। करन कुंद्रा से लेकर विशाल कोटियन तक के गेम की सोशल मीडिया पर तारीफ हो रही थी। उस वक्त लग रहा था कि इस बार के कंटेस्टेंट्स में वाकई कुछ बात है। पर ऐसा नहीं हुआ। शो में बाद में फोकस लव एंगल पर शिफ्ट हो गया। श्बिग बॉस 15श में एक तरफ ईशान सहगल और माइशा अय्यर का रोमांस शुरू हो गया और दूसरी ओर तेजस्वी प्रकाश व करन कुंद्रा के बीच लव एंगल दिखाया जाने लगा। इस कारण सारा शिफ्ट गेम से हट गया। यही चीज शायद 15वें सीजन के लिए नुकसानदायक साबित हुई।

लव एंगल के चक्कर में ईशान और माइशा हाल ही घर से बेघर हो गए। उनके जाने के बाद जहां एक तरफ करन और तेजस्वी की लव केमिस्ट्री चालू है, वहीं दूसरी ओर शमिता और राकेश की केमिस्ट्री भी दिखाई जाने लगी। कुल मिलाकर श्बिग बॉस 15श में 3–3 लव एंगल भारी पड़ गए।



## शिल्पा शेट्टी ने की रणवीर सिंह की नकल, दिखाया अपना ततड़ ततड़ वाला स्टाइल

शिल्पा शेट्टी ने जो हाल ही में गर्दन के ऊपर के बाल कटवाए थे वो अब उग आए हैं और इसी खुशी में वह डांस करने के मूड में नजर आईं। शिल्पा ने अपनी खुशी का इजहार करने के लिए रणवीर सिंह का फेमस गाना ततड़ ततड़ वाला स्टाइल चुना। इस वीडियो में शिल्पा शेट्टी ने बालों का बन बना रखा है, जिससे गर्द के ऊपर के बाल नजर आ रहे हैं। उन्हीं बालों को दिखाते हुए शिल्पा शेट्टी गोलियों की रासलीलाः रामलीला के गाने ततड़ ततड़ पर डांस करती दिख रही हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है, कुछ समय बाद आज डांस करने का मूड हुआ, तभी तो मैं रणवीर सिंह की स्टाइल से प्रेरित हुई। बता दें कि हाल ही में शिल्पा शेट्टी ने बाल कटवाने वाला अपना एक वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में गर्दन से ऊपर के कुछ बाल शिल्पा ने मुंडवा लिए थे, जिसे देखकर सभी हैरान थे। हालांकि, बाद में कुछ ऐसी भी चर्चा रही कि शिल्पा ने किसी मन्नत की वजह से ऐसा किया था, जो उनके हसबैंड राज कुंद्रा के केस से जुड़ा था।

## पद्म अवॉर्ड्स के दौरान करण जौहर को ढूंढ रही थीं कंगना रनौत

ऐक्ट्रेस कंगना रनौत को हाल ही पद्म श्री सम्मान से नवाजा गया। उनके साथ–साथ यह सम्मान एकता कपूर और करण जौहर को भी दिया गया। कंगना ने बताया कि पद्म अवॉर्ड्स सेरिमनी में उन्होंने करण जौहर को खोजने की बहुत कोशिश की, लेकिन वह उन्हें वहां नहीं दिखे। अगर दिखते तो वह करण से जरूर बात करतीं। कंगना रनौत और करण जौहर के बीच के मतभेद और लड़ाई किसी से छिपी नहीं है। दोनों के बीच विवाद साल 2017 में हुआ था। उस वक्त कंगना ने करण जौहर के शो पर उन्हें ही बॉलिवुड में नेपोटिजम को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था और उन्हें श्मूवी माफियाश तक कहा था। इसके बाद करण और कंगना के बीच कई मौकों पर तकरार होती रही। शायद इसी वजह से ऑर्गनाइजर्स ने भी पद्म अवॉर्ड्स के दौरान इस तरह की व्यवस्था की थी कि कंगना रनौत और करण जौहर आमने–सामने न आ सकें। इस बारे में कंगना ने टाइम्स नाउ समिट में कहा, श्हमारी सेरिमनी अलग–अलग वक्त पर हुईं। मैंने करण जौहर को वहां ढूंढने की कोशिश की, लेकिन वह वहां नहीं थे।

## जान्हवी ने शेयर की वकेशन की ऐसी लाजवाब तस्वीरें



जान्हवी कपूर और खुशी कपूर के बीच जबरदस्त बॉन्डिंग है, जो इनकी दुबई ट्रिप वाली इन तस्वीरों में भी साफ झलक रही है। दोनों बहनें बेस्ट फ्रेंड्स की तरह हैं, जो साथ मिल जाएं तो जमकर धमाल मचाती हैं। कुछ ऐसा ही हाल दुबई ट्रिप का नजर आ रहा है, जहां जान्हवी और खुशी एक जैसे अंदाज में एक जैसी तस्वीरें खिंचवाती नजर आईं। इन तस्वीरें पर जान्हवी के कथित एक्स बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया भी कॉमेंट करने से खुद को रोक नहीं सके। जान्हवी ने खुशी के साथ अपनी कुल 7 शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर डाली हैं। अब इन तस्वीरों पर फैन्स के कॉमेंट्स तो बनते हैं। इनमें से एक ऐसा कॉमेंट है जो इस वक्त सुर्खियों में है। वह हैं जान्हवी के कथित एक्स शिखर पहाड़िया। शिखर ने जान्हवी और खुशी की इन तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए कहा है– माशाअल्लाह। इन तस्वीरों में दोनों एटीवी का मजा उठाती दिख रही हैं। दोनों ने इसके साथ पोज देते हुए अपनी कई तस्वीरें शेयर की हैं। जान्हवी के अलावा खुशी कपूर ने भी इस ट्रिप की तस्वीरें और एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें दोनों बहनों राइड का मजा लेती दिख रही हैं।

# कंगना के ट्वीट पर वरुण गांधी को दिया जवाब, कहा- जा और रो अब

*बता दें कि कंगना बीती शाम एक समिट 2021 के इवेंट में पहुंचीं थीं, जहां उन्होंने कई मुद्दों पर खुलकर बातचीत की। कंगना ने इसी बातचीत में कुछ ऐसा कह दिया जिसपर वरुण गांधी ने तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की।*




कंगना रनौत एक बार फिर चर्चा में है अपने उन बयानों को लेकर जो हाल ही में आजादी को लेकर कहा। दरअसल कंगना के 1947 की आजादी को भीख बताए जाने वाले कॉमेंट पर बीजेपी नेता और सांसद वरुण गांधी ने नाराजगी जाहिर की, जिसपर अब कंगना ने भी जवाब दिया है। वरुण गांधी ने ट्वीट में लिखा है, कभी महात्मा गांधी जी के त्याग और तपस्या का अपमान, कभी उनके हत्यारे का सम्मान और अब शहीद मंगल पाण्डेय से लेकर रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और लाखों स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों का तिरस्कार। इस सोच को मैं पागलपन कहूं या फिर देशद्रोह? वरुण के इस ट्वीट पर कंगना के हेटर्स कूद पड़े हैं। हालांकि, कंगना भी कहां चुप बैठने वालों में से हैं। उन्होंने भी जवाब दिया और कहा– जा और रो अब। कंगना ट्विटर पर बैन हैं, इसलिए उन्होंने अपना यह जवाब इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिया है। कंगना ने इंस्टाग्राम पर वरुण गांधी के उस ट्वीट का स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसके साथ अपना जवाब भी लिखा है। कंगना ने लिखा है श्जबकि मैंने साफ–साफ 1857 में हुए देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम का जिक्र किया है जो कि असफल रहा। इसकी वजह से ब्रिटिशर्स की ओर से हमें काफी अत्याचार और क्रूरता झेलनी पड़ी। ...और फिर लगभग 100 सालों बाद हमें आजादी दी गई गांधी की भीख पर। जा और रो अब। कंगना रनौत ने एक कार्यक्रम में कहा था कि 1947 में मिली आजादी और हिंसा का जिक्र करते हुए कंगना ने कहा था कि वो आजादी नहीं, बल्कि भीख थी। कंगना इतने पर ही नहीं रुकीं, उन्होंने आगे कहा कि जो आजादी मिली है वह 2014 में मिली है। बता दें कि वरुण गांधी के ट्वीट पर कई लोग उन्हें सपोर्ट करते नजर आए हैं। कंगना के इस बायन पर लोग अपनी नाराजगी जाहिर करने में जुटे हैं।